# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बाली, जिला–पाली(राजस्थान)
## पीठासीन अधिकारी : श्री दिनेश विश्नोई, आर.ए.एस.

राजस्व विविध प्रकरण GCMS NO 2023 / 109
दायरा तिथि : 31.07.2023
आदेश तिथि : 13-11-2024
प्रार्थीगण :–

1. श्री गोमाराम पुत्र गेनाजी
2. सांकलाराम पुत्र गेनाजी
3. पुखराज पुत्र वरदारामजी
4. देवाराम पुत्र वरदारामजी
5. हिम्मतमल पुत्र लछारामजी
6. चुन्नीलाल पुत्र लछारामजी
7. हितेश कुमार पुत्र कीकारामजी
8. सौरभ पुत्र कीकारामजी
9. मोनिकाकुमारी पुत्री कीकारामजी
10. कमलादेवी पत्नि कीकारामजी
11. केराराम पुत्र गेनाजी
12. लक्ष्मीदेवी पत्नि वरदारामजी
13. अरूणा पुत्री लछारामजी
14. कनिया देवी पुत्री लछारामजी जाति भांबी (मेघवाल) निवासी भंदर तहसील बाली, जिला पाली (राज.)

ब ना म

अप्रार्थीगण :–

1. स्व. वरदीराम पुत्र रताजी के का.मु.
   1/1– स्व. कपुराराम पुत्र वरदीराम के का.मु.–
   1/1 (अ)– शांतिलाल पुत्र स्व. कपुरारामजी
   1/1 (ब)– स्व. प्रकाश पुत्र स्व. कपुरारामजी के का.मु.–
      1. मंजु पत्नि प्रकाशजी
      2. हितेश पुत्र प्रकाशजी
   1/2– दिपक पुत्र कपुरारामजी जाति ब्राम्हण निवासी भंदर तहसील बाली, जिला पाली (राज.)

2 पेपी पत्नि पालीयाजी
3 प्रतापराम पुत्र लच्छारामजी
4 मोहनलाल पुत्र लच्छारामजी
5 हेमाराम पुत्र पालीयाजी
6 हडमान पुत्र मोटाजी
7 फुलाराम पुत्र मोटाजी
8 स्व. चतरू पत्नि मोटाजी के का. मु.–
   8/1– फुलाराम पुत्र मोटाजी
   8/2– हडमान पुत्र मोटाजी
   8/3– हंजा पुत्री मोटाजी
9 स्व. अंशी पत्नि लच्छाजी के का. मु.–
   9/1– प्रतापराम पुत्र लच्छाजी
   9/2– मोहनलाल पुत्र लच्छाजी
10 स्व. लच्छा पुत्र भबुताजी के का.मु.–
   10/1– प्रतापराम पुत्र लच्छाजी
   10/2– मोहनलाल पुत्र लच्छाजी जाति मेघवाल निवासी भंदर तहसील बाली, जिला पाली (राज.)
11 अमृतलाल पुत्र केसारामजी जाति मेघवाल निवासी भंदर तहसील बाली, जिला पाली (राज.)

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली

पेज लगातार ........02

Scanned with CamScanner

**राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gcms No 2023/109**

अनवान गोमाराम वगैरा बनाम शांतिलाल वगैरा

***अंतर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955***

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 बाबत रेकर्डेड नया रास्ता उपलब्ध कराने

## आदेश

दिनांकः 13-11-2024

प्रार्थी ने निर्धारित प्ररूप में आवेदन–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 सपठित नियम–68 प्रस्तुत कर प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम भंदर पटवार हल्का भंदर तहसील बाली के खसरा नंबर 3650 रकबा 0.4400 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प/रास्ता उपलब्ध नही होने से अप्रार्थीगण की भूमि ग्राम भंदर पटवार हल्का भंदर तहसील बाली के खसरा नंबर 3630 रकबा 0.3500 हैक्टर, खसरा नंबर 3631 रकबा 0.2900 हैक्टर व खसरा नंबर 3654 रकबा 0.1800 हैक्टर में से प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा मे लाल रंग से दर्शित ट्रेक से नया मार्ग उपलब्ध कराये जाने का निवेदन किया गया। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के साथ राजस्व अभिलेखो की प्रतियां भी प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के संबंध मे राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 के नियमो के नियम–69(i) के अन्तर्गत एवं इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2) Rev.6/ 03/ pt / 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 द्वारा प्रदत्त निर्देशो के अनुसरण मे तहसीलदार बाली को मौका एवं अभिलेखीय स्थिति की जांच कर सम्पूर्ण स्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। तहसीलदार बाली एवं भू.अ.निरीक्षक, नाना ने जांच कर पत्रांक/राजस्व/2024/1461 दिनांक 27.08.2024 से रिपोर्ट प्रस्तुत की। तहसीलदार बाली एवं भू.अ.निरीक्षक, नाना की जांच रिपोर्ट अनुसार :–

1. यह है कि आवेदक की खातेदारी भूमि के ग्राम भंदर के खसरा नंबर 3650, 3651 व 3652/1 कुल रकबा 1.10 हैक्टर संयुक्त खातेदारी स्थित है, उक्त सभी खसरे खाता सं. 730 में दर्ज है। उक्त खसरों में वर्तमान में आवागमन हेतु कोई रास्ता राजस्व रिकार्ड में उपलब्ध नहीं है।
2. यह है कि आवेदक द्वारा प्रस्तावित रास्ता आवेदक की स्वयं की खातदोरी भूमि खसरा नंबर 3650 रकबा 0.44 हैक्टर से कटान मार्ग खसरा नंबर 3369 से दूरी 150 मीटर है।
3. यह है कि ग्राम भंदर में रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का खसरावार विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. स. | खसरा नंबर | रकबा हैक्टर में | किस्म | रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3630 | 0.3500 हैक्टर | बारानी दोयम | 82x4.50=369 वर्गमीटर | वरदीराम पुत्र रता हिस्सा–पूर्ण जाति ब्राम्हण सा.देह खातेदार |
| 2 | 3631 | 0.2900 हैक्टर | बारानी दोयम | 28x4.50=126 वर्गमीटर | 1. अंशी पत्नि लच्छा हि. 1/12<br>2. चतरू पत्नि मोटा हि. 1/12<br>3. पेपी पत्नि पालीया हि. 1/8<br>4. प्रतापराम पुत्र लच्छा हि. 1/12<br>5. फुला पुत्र मोटा हि. 1/12<br>6. मोहनलाल पुत्र लच्छा हि. 1/12<br>7. लच्छा पुत्र भबूता हि. 1/4<br>8. हड़मान पुत्र मोटा हि. 1/12<br>9. हेमा पुत्र पालीया हि. 1/8<br>जातिगण मेघवाल निवासीगण वीरमपुरा खातेदार |
| 3 | 3654 | 0.1800 हैक्टर | बारानी दोयम | 40x4.50=180 वर्गमीटर | अमृतलाल पुत्र केसाराम हिस्सा–पूर्ण जाति मेघवाल सा. देह खातेदार |

4. यह है कि मौके पर मौजूद अन्य विकल्प में आवेदक की स्वयं की खातेदारी भूमि खसरा नंबर 3652 रकबा 0.3700 हैक्टर से कटान मार्ग खसरा नंबर 3369 से दूरी 108 मीटर है। आवेदक के प्रार्थना पत्र में दर्ज खसरा नंबर 3650 के अलावा अन्य खसरा नंबर 3651 व 3652 भी इसी खाते में दर्ज है। अतः अन्य वैकल्पिक रास्ता के लिए ग्राम भंदर में रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का खसरावार विवरण निम्नानुसार है:–

न्यायालय उप-खण्ड अधिकारी बाली, जिला-पाली (राज.)

सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी, बाली

पेज लगातार .......03

Scanned with CamScanner

**राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gcms No 2023/109**

अनवान गोमाराम वगैरा बनाम शांतिलाल वगैरा

***अंतर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955***

| क्र. स. | खसरा नंबर | रकबा हैक्टर में | किस्म | रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षैत्रफल | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3656 | 0.3500 हैक्टर | बारानी दोयम | 47x4.50=211.5 वर्गमीटर | 1. फुला पुत्र मोटा हि. 1/5<br>2. फुलाराम पुत्र मोटाराम हि. 1/5<br>3. हंजादेवी पुत्री मोटाराम हि. 1/5<br>4. हडमान पुत्र मोटा हि. 1/5<br>5. हडमानराम पुत्र मोटाराम हि. 1/5 जाति मेगवंशी सा. देह खातेदार |
| 2 | 3653 | 0.1900 हैक्टर | बारानी दोयम | 29x4.50=130.5 वर्गमीटर | वरदीराम पुत्र रता हिस्सा–पूर्ण जाति ब्राम्हण सा.देह खातेदार |
| 3 | 3652 | 0.3700 हैक्टर | बारानी दोयम | 32x4.50=144 वर्गमीटर | गोमाराम पुत्र गेनाराम हिस्सा–पूर्ण जाति मेघवाल सा. देह खातेदार |

5. यह है कि प्रस्तावित रास्ते हेतू उपयोग में आने वाले भू–भाग पर निर्माण, ढाणी या पुराना वृक्ष नहीं है।
6. यह कि भू.अ. निरीक्षक नाना की जांच रिपोर्टनुसार प्रस्तावित भूमि के खसरे की पंजीयन कार्यालय के अनुसार डी.एल.सी. दर 4,35,201 रू/– रूपये प्रति हैक्टर है।

प्रकरण मे तहसीलदार, बाली द्वारा रिपोर्ट प्रेषित कर प्रार्थी की मांग अनुसार रास्ता दिये जाने के साथ खसरा नंबर 3656, 3653 व 3652 में से वैकल्पिक रास्ता प्रस्तावित करते हुये रिपोर्ट पेश की गई। प्रकरण में तहसीलदार बाली द्वारा खसरा नंबर 3656, 3653 व 3652 में से वैकल्पिक रास्ता प्रस्तावित करने तथा उक्त वैकल्पिक रास्ता निकटतम रास्ता होने से खसरा नंबर 3656, 3653 व 3652 के खातेदारान को नोटिस जारी किये गये। न्यायालय द्वारा जारी नोटिस तामील के पश्चात अप्रार्थी संख्या 1/1, 8/1, 8/2, 11 की ओर से वकील श्री हेमंत बोहरा द्वारा वकालतनामा पेश किया गया परंतु आज दिनांक तक किसी प्रकार की आपत्ति/जवाब पेश नहीं किया गया। जिससे अप्रार्थीगण का जवाब अवसर बंद करते हुये वकुलाय की बहस सुनी गई।

पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व वकुलाय की बहस पर मनन के पश्चात् यह जाहिर है कि आवेदक की खातेदारी भूमि ग्राम भंदर पटवार हल्का भंदर तहसील बाली के खसरा नंबर 3650 रकबा 0.4400 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई रास्ता वर्तमान में उपलब्ध नहीं होने से तहसीलदार, बाली द्वारा जांच के पश्चात् अपने कार्यालय पत्रांक राजस्व/2024/1461 दिनांक 27.08.2024 से आवेदित रूट के साथ वैकल्पिक मार्ग खसरा नंबर 3656, 3653, 3652 में से प्रस्तावित किया है। इस प्रकार तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में वैकल्पिक मार्ग न्यूनतम दूरी का होने से धारा 251 ए के प्रावधानों अनुसार वैकल्पिक मार्ग से नया रास्ता उपलब्ध कराया जाना न्यायसंगत है।

अतः राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 संशोधन, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 तथा इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2)Rev.6/ 03/ pt/ 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 तथा राज्य सरकार राजस्व (ग्रुप–6) के परिपत्र क्रमॉकः प.3(52) राज–6/12/4 जयपुर दिनांक 14.06.2013 के द्वारा प्रदत्त निर्देशो/शक्तियो के अनुसरण मे प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम भंदर पटवार हल्का भंदर तहसील बाली के खसरा नंबर 3650 रकबा 0.4400 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प/रास्ता उपलब्ध नही होने से अप्रार्थीगण की भूमि ग्राम भंदर पटवार हल्का भंदर तहसील बाली के खसरा नंबर. 3656, 3653, 3652 में से **486 वर्गमीटर** रास्ता हेतु नियमो के नियम 70 (i)(ख) के अन्तर्गत राज्य सरकार/निजी खातेदार को देय प्रतिकर राशि का निर्धारण करते हुए **तहसीलदार बाली द्वारा प्रस्तुत नक्शा मौका के अनुरूप उपलब्ध कराये जाने के आदेश** दिये जाते है।

राजस्व रेकार्ड में इन्द्राज किये जाने से पूर्व तहसीलदार, बाली देय प्रतिकर राशि को जमा करावे। प्रतिकर राशि नियमानुसार निर्धारण की जाती है :–

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली

पेज लगातार .......04

Scanned with CamScanner

**राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gcms No 2023/109**

अनवान गोमाराम वगैरा बनाम शांतिलाल वगैरा

***अंतर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955***

| खसरा नंबर | रकबा हैक्टर में | रास्ते के लिये प्रभावित क्षैत्रफल | डी.एल.सी. दर (प्रति व. मी.) रूपये | देय प्रतिकर राशि की डी.एल.सी. दर 4,35,201 /–रूपये प्रति हैक्टेयर से दुगुनी राशि | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 3656 | 0.3500 हैक्टर | 47X4.50=211.5 वर्गमीटर | 44 | 9306X2=18612 | वर्तमान जमाबंदी अनुसार |
| 3653 | 0.1900 हैक्टर | 29X4.50=130.5 वर्गमीटर | 44 | 5742X2=11484 | वर्तमान जमाबंदी अनुसार |
| 3652 | 0.3700 हैक्टर | 32X4.50=144 वर्गमीटर | 44 | 6336X2=12672 | वर्तमान जमाबंदी अनुसार |

**प्रस्तावित रास्ता में अन्य कोई क्षति यथा निर्माण/वृक्ष संरचना कारित नही होने से उक्तानुसार राशि 42768/– (अक्षरे बयालीस हजार सात सौ अठसठ रूपये मात्र )** रूपये आवेदक द्वारा नहीं लिये जाने की दशा में बतौर प्रतिकर राशि तहसील कार्यालय में जमा करवाई जायेगी। तहसीलदार बाली व निरीक्षक भू–अभि. नाना द्वारा रिपोर्ट के साथ प्रेषित नक्शा को आदेश का भाग माना जायेगा।

तहसीलदार, बाली प्रतिकर राशि अदायगी की सुनिश्चितता कर उक्त प्रस्तावित भूमि राजस्व रेकार्ड में बतौर **राजकीय सिवाय चक गै.मु. रास्ता** दर्ज करेंगे।

तहसीलदार, बाली उपरोक्तानुसार पालना सुनिश्चितता कर राजस्व रेकार्ड मे अमल दरामद के साथ नक्शा मे तरमीम कर पालना प्रस्तुत करे। आदेश की प्रति सभी संबंधित को पालनार्थ भिजवायी जावे। मिसल फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

(दिनेश बिश्नोई)
सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली
दिनांक : 18-11-24

क्रमॉक/कोर्ट/2024/2295-2295


**प्रतिलिपि निम्नांकित को पालनार्थः–**

1.तहसीलदार, बाली
2.निरीक्षक भू0अ0 नाना
3.पटवारी हल्का, भंदर
4.तहसील राजस्व लेखाकार तहसील बाली
5.आवेदक श्री गोमाराम पुत्र गेनाजी जाति भांबी (मेघवाल) निवासी भंदर तहसील बाली, जिला पाली (राज.) वगैरा को सूचनार्थ।

न्यायालय उप-खण्ड अधिकारी बाली, जिला-पाली (राज.)

उपखण्ड अधिकारी, बाली
सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner